प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से मातृत्व के सफर में मिली सहायता. हितग्राही निशा महाजन

बुरहानपुर। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित बुरहानपुर जिले की हितग्राही निशा महाजन बताती हैं कि योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता ने मातृत्व के समय उन्हें काफी सहयोग दिया। वे कहती हैं कि योजना के माध्यम से प्राप्त राशि से उन्हें अपनी और अपने शिशु की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली। आर्थिक सहायता मिलने से इस दौरान होने वाले खर्चों की चिंता भी कुछ कम हुई। लाभार्थी निशा कहती हैं कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को पौष्टिक आहार और बेहतर देखभाल की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में शासन की यह योजना महिलाओं के लिए सहायक साबित हो रही है। विदित है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान दे सकें। शासन की इस पहल से माताओं को सहयोग मिल रहा है और सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहन भी मिला है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के लिए आर्थिक सहयोग का माध्यम बनकर मातृत्व के सफर को अधिक सहज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी लाने वाले 20 विद्यार्थियों को डिजिटल राइटिंग पैड से किया सम्मानित

देड़तलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देड़तलाई में विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए अनूठी पहल की गई। कक्षा 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों को डिजिटल राइटिंग पैड देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य गुंजन भावसार के नेतृत्व में किए गए इस प्रयास का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत को पहचान देना और अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय की इस पहल से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाने के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। डिजिटल राइटिंग पैड मिलने से विद्यार्थी आधुनिक अध्ययन साधनों का उपयोग भी कर सकेंगे। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान कर विद्यालय ने यह संदेश दिया कि मेहनत और लगन से हासिल की गई सफलता को प्रोत्साहित करना जरूरी है। इन विद्यार्थियों को मिला सम्मानः-कक्षा 9वीं सोनिका नरेश,नैन्सी पवार। कक्षा 10वींरू उजमा अजमतए नर्मिता मुकेश, हेमलता दशरथ, शिव संगिनी शांतिलाल, मोहित सियाराम, संदीप भूरसइग। कक्षा 11वींरू मोहिनी देवराज, पायल केवराज, सुनैना श्रीराम।

जिला कौशल विकास समिति की बैठक संपन्न

बुरहानपुर। जिले में युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कौशल विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में कौशल विकास योजना तैयार करने के संबंध में समिति सदस्यों को जानकारी दी गयी एवं सुझाव मांगे गये। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधितों को कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। विदित है कि जिले के युवाओं को विभिन्न तकनीकियों में प्रशिक्षित करना, स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देना तथा कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

मध्यप्रदेश वॉलीबॉल संघ की नई कार्यकारिणी में खंडवा के राजेश शुक्ला संयुक्त सचिव निर्वाचित।

खंडवा। मध्यप्रदेश वॉलीबॉल संघ की नई प्रबंध कार्यकारिणी में जिला वॉलीबॉल संघ खंडवा के सचिव राजेश शुक्ला को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी मिली है। 11 अक्टूबर 2026 को भोपाल स्थित केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान नबीबाग में आयोजित संघ की साधारण एवं चुनावी सभा में वर्ष 2026-2030 के लिए कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। समाजसेवी सुनील जैन ने राजेश शुक्ला को बधाई देते हुए बताया कि चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिलीप मालवीय की देखरेख में हुए निर्वाचन में कार्तिकेय चौहान अध्यक्ष और सतीश जोशी महासचिव निर्वाचित हुए। बैठक में प्रदेश के 33 जिला वॉलीबॉल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राजेश शुक्ला के संयुक्त सचिव निर्वाचित होने को खंडवा जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

जिला संघों की सक्रियता पर रहेगा जोर-सुनील जैन ने बताया कि नवनिर्वाचित संयुक्त सचिव राजेश शुक्ला ने प्रदेश में वॉलीबॉल के विकास के लिए जिला संघों की सक्रिय भागीदारी, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान और नियमित प्रतियोगिताओं के आयोजन को जरूरी बताया। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न आयु वर्गों की राज्य स्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप आयोजित करने की स्वीकृति भी दी गई। इसके साथ ही संघ की वैधानिक स्थिति के संबंध में सदन को जानकारी दी गई।

वॉलीबॉल खेल नीति 2026 का प्रारूप होगा जारी-संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कार्तिकेय चौहान ने अपने पहले संबोधन में मध्यप्रदेश वॉलीबॉल खेल नीति 2026 का प्रारूप शीघ्र जारी करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नीति के माध्यम से प्रदेश में वॉलीबॉल के विकास, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और जिला संघों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने प्रत्येक जिले में खेल के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने की बात भी कही।

11 छात्राओं के साथ अश्लिलता और कुकर्म करने वाले सांसद पर हो कठोर कार्यवाही

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कॉग्रेस सांसद प्रो.बिमोल अकोइजम का पुतला दहन

बुरहानपुर।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बुरहानपुर द्वारा सोमवार रात्री कमल चौराहा बुरहानपुर पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयु) के प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम द्वारा छात्राओं के यौन उत्पीडन, आपत्तिजनक वार्तालाप एवं अनुचित व्यवहार के विरोध में सोमवार दिनांक 12 अक्टूबर 2026 को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा एवं भाजपा जनप्रतिनिधी,जिला,मंडल ,मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने के निर्देशानुसार आयोजीत महिला मोर्चा द्वारा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयु) के प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम के पुतले के मुँह पर कालीख पोतते हुवे उसकी जमकर पिटाई की समस्त बहनो , पार्टी पदाधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों द्वारा पुतला दहन क रते हुवे जमकर कॉग्रेस विरोधी नारेबाजी की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयु) के प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम द्वारा 11 छात्राओं के यौन उत्पीडन का मामला गंभीर है कॉलेज से तो निकाले गए किन्तु बेशर्म कॉग्रेस आज तक उनपर कार्यवाही नही कर रही है। वही पुर्व जिलाध्यक्ष किरण रायकवार ने भी कहा कि कॉग्रेस का यहि चरित्र है। जो बार -बार सामने आता रहता है। देश की जनता सबकुछ समझने लगी है। जिसके कारण कॉग्रेस को बार -बार हार का सामना करना पडता है। जिला मंत्री अर्चना पाटील ने कहा कि कॉग्रेस की कथनी और करनी में बडा अंतर है। वह बेबुनियाद आरोप लगाकर देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है,यहि नही आए दिन देशहीत में काम करने वाली संस्थाओं को बदनाम करने का काम आंदोलनो के माध्यम से कर रही हे। आने वाले चुनाव में कॉग्रेस का बचा कुचा सुपडा भी देश की जनता साफ करदेगी। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, जिला मंत्री सर्वश्री सुधा चौकसे,अर्चना पाटील, पुर्व जिलाध्यक्ष किरण रायकवार,महामंत्री सरोज मुहासे ,छाया गुडगे नेपा, सुवर्णा पाटील, भाजपा महामंत्री सर्वश्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद संभाजी सगरे, जिला मंत्री सुनिल वाद्य, कैलाश पारीख, मंडल अध्यक्ष सर्वश्री अमोल भगत, चिन्टु राठौर, नितिन महाजन, पार्षद आशिष शुक्ला,पार्षद अनिल विस्पुते, पार्षद राजेश महाजन,पार्षद भारत इंगले , रवि गुप्ता, अंकित व्यास, विजय राठौर,सौरव यादव, राजेन्द्र पटेल, सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधी,पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

'गायत्री महायज्ञ और जनजागरण अभियानः बुरहानपुर में बाल पुरोहितों ने रचे नए कीर्तिमान'

बुरहानपुर। भारतीय ऋ षि परंपरा, वैदिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों के पुनर्जागरण के लिए गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे 9 दिवसीय विराट आयोजन ने पूरे अंचल में अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन की बहार ला दी है। जहां एक ओर गायत्री शक्तिपीठ पर भव्य महायज्ञ के उपरांत गर्भवती महिलाओं के पुंसवन संस्कार और नौनिहालों के अन्नप्राशन संस्कार श्रद्धापूर्वक संपन्न कराए गए, वहीं दूसरी ओर श्रीराम गुरुकुल आश्रम ध् रचनात्मक केंद्र गोलोकधाम ;खड़कोद के तेजस्वी बाल पुरोहितों और कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण अंचलों में इतिहास रचा जा रहा है। वर्तमान में चल रहे इस विराट अनुष्ठान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरण अभियान और गायत्री महायज्ञश् की धूम मची हुई है। 100 से अधिक बाल पुरोहितों और 72 दलों का गठनरू रचनात्मक केंद्र गोलोक धाम से 100 से अधिक बाल पुरोहितों की सक्रिय सहभागिता में 72 विशेष दलों का गठन किया गया है, जो जिले के 500 से अधिक गांवों में सघन परिव्राज्या ;भ्रमण कर रहे हैं। श्रीराम गुरुकुल आश्रम खड़कोद के बाल पुरोहितों ने अपनी असाधारण निष्ठा और दक्षता का परिचय देते हुए एक ही दिन में 75 घरों में एक साथ हवन संपन्न करवाकर अनूठा रिकॉर्ड बनाया है। प्रमुख गाँवों में 9 दिवसीय प्रवासः- यह अभियान नांदखेड़ा, खापरखेड़ा, सायर, खकनार, जमनिया, ताजनपुर सहित क्षेत्र के तमाम गांवों में विस्तार पा रहा है, जहाँ एक साथ 24 घरों में एक साथ यज्ञ जैसी श्रृंखलाएं संचालित हो रही हैं।

बूंद.बूंद पानी से खेतों में आई समृद्धि, ड्रिप सिंचाई ने बढ़ाई किसान की आय

बुरहानपुर। खेतों में मेहनत करने वाले किसानों के लिए पानी की हर बूंद अनमोल होती है। जब यही पानी आधुनिक तकनीक के माध्यम से फसलों की जड़ों तक सही मात्रा में पहुंचता है, तो खेती की लागत कम होने के साथ उत्पादन और आय में भी वृद्धि का रास्ता खुलता है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से ड्रिप सिंचाई का लाभ लेकर बुरहानपुर जिले के किसान किरण पाटील ने खेती में ऐसे ही बदलाव का अनुभव किया है। किरण पाटील बताते हैं कि उनका परिवार खेती.किसानी करते आ रहे है। वे पहले कपास, मक्का और सोयाबीन जैसी फसलों की खेती पारंपरिक तरीके से करते थे। ड्रिप सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण खेती में पानी, खाद.दवा और मजदूरी पर अधिक खर्च होता था। आय कम होने से परिवार के पालन.पोषण में भी काफी कठिनाई आती थी।

योजना की जानकारी मिली, तो बदली खेती की राह-कृषक किरण बताते हैं कि फील्ड भ्रमण के दौरान, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी खेत पर पहुंचे और उन्हें ड्रिप सिंचाई के माध्यम से केला एवं तरबूज जैसी फसलों की खेती करने की सलाह दी। साथ ही, ड्रिप सिंचाई पर शासन की ओर से मिलने वाले अनुदान की जानकारी भी दी गई। योजना की जानकारी से प्रेरित होकर हितग्राही ने उद्यानिकी विभाग के माध्यम से आवेदन किया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत उन्हें 1 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई संयंत्र स्थापित करने के लिए 61 हजार से अधिक रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। इस सहयोग से उनके खेत में ड्रिप सिंचाई की सुविधा स्थापित हुई और खेती का तरीका भी बदलने लगा।

छोटे स्तर से शुरू किया कारोबार, आज देश के कई राज्यों तक पहुंचा मारूती केला चिप्स

बुरहानपुर। कभी होटल में काम करने के साथ छोटे स्तर पर केला चिप्स बनाकर बेचने वाले बुरहानपुर निवासी योगेश महाजन आज अपने व्यवसाय के माध्यम से न केवल अच्छी आय अर्जित कर रहे हैंए बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना ;पीएमएफएमईद्ध ने उनके छोटे से कारोबार को नई दिशा और विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीमित संसाधनों से शुरू हुआ उनका व्यवसाय आज मारूती केला चिप्स के नाम से पहचान बना चुका है। योगेश की सफलता की यह कहानी मेहनतए लगन और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणादायी मिसाल है।

योगेश महाजन बताते हैं कि एक दिन उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उनकी दुकान पर केला चिप्स खरीदने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने योगेश के व्यवसाय को देखा और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के प्रावधानों एवं लाभों की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारियों की सलाह से प्रेरित होकर योगेश ने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। यही निर्णय उनके कारोबार के विस्तार की दिशा में कारगर साबित हुआ। अपने संघर्ष और बदलाव की कहानी साझा करते हुए योगेश बताते हैं कि उन्होंने वर्ष 2009 में होटल में काम करने के साथ ही बहुत छोटे स्तर पर केला चिप्स बनाने और बेचने का काम शुरू किया था। उस समय उनके पास सीमित पूंजी और संसाधन थेए लेकिन अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का जज्बा हमेशा कायम रहा। धीरे.धीरे उन्होंने अपने काम को विस्तार देने का प्रयास किया। इसी बीच उद्यानिकी विभाग के माध्यम से उन्हें पीएमएफएमई योजना की जानकारी मिलीए जिसने उनके व्यवसाय को नई संभावनाओं से जोड़ दिया।लाभार्थी योगेश बताते हैं कि योजना के अंतर्गत मिले आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपनी केला चिप्स निर्माण इकाई का विस्तार किया तथा आवश्यक मशीनरी और अन्य संसाधन खरीदे। संसाधनों की उपलब्धता से उत्पादन क्षमता बढ़ाने और व्यवसाय को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने में मदद मिली। आज वे ष्मारूती केला चिप्सष् के नाम से विभिन्न फ्लेवर में केला चिप्स तैयार कर उनका विक्रय कर रहे हैं।

जनगणना.2027 के द्वितीय चरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

बुरहानपुर। जनगणना.2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत फरवरी.2027 में प्रस्तावित जनगणना के फील्ड कार्य की तैयारियों के तहत जिले में जनगणना से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो दिवसीय हैए जो कि नगर पालिक निगम एमआईसी हॉल में आयोजित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदारए डिप्टी कलेक्टर श्री तपीश पाण्डेए नगर निगमायुक्त श्री संदीप श्रीवास्तवए योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती लूसिया रावत सहित जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे। जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक श्री अविनाश गुप्ता एवं श्री मनोज सैनी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना के विभिन्न प्रपत्रों को सही तरीके से भरनेए निर्धारित नियमों एवं निर्देशों का पालन करने तथा जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है।

बाला दत्त सार्वजनिक उत्सव समिति द्वारा माता के नौ स्वरूपों की स्थापना

बुरहानपुर। श्री बाला दत्त सार्वजनिक उत्सव समिति, दत्तात्रेय नगर, निमाड़ हॉस्पिटल के पीछे, बुरहानपुर द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की स्थापना की गई है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की आराधना की जाती है।

समिति के सदस्य श्री अनिल महाजन जी ने बताया कि इस वर्ष माता के नौ स्वरूपों की प्रतिमाएं पूर्णतः मिट्टी से निर्मित की गई हैं। इनके निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस ;पीओपीद्ध का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया है। समिति का यह प्रयास धार्मिक आस्था के साथ.साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी देता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक समिति द्वारा पूर्ण विधि.विधान से माता की पूजा.अर्चना एवं आराधना की जाती है। श्रद्धालुओं की सहभागिता से प्रतिदिन गरबा रास का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेकर मां भगवती की भक्ति में लीन होते हैं। माता दुर्गा की प्रतिमा का आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार समिति के सदस्य श्री पुनीत भाई पटेल एवं युवा साथियों द्वारा श्रद्धा और समर्पण के साथ किया जाता है। उनके प्रयासों से माता की साज.सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्री बाला दत्त सार्वजनिक उत्सव समिति द्वारा धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए सामाजिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण तथा युवा शक्ति को प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। समिति का उद्देश्य नवरात्रि के माध्यम से समाज में धार्मिक आस्था, ,कता, सद्भाव एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

श्रद्धालुओं से दर्शन एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील-श्री बाला दत्त सार्वजनिक उत्सव समिति की ओर से समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से विनम्र निवेदन है कि वे दत्तात्रेय नगर, निमाड़ हॉस्पिटल के पीछे, बुरहानपुर में विराजित मां दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें तथा मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करें। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से नवरात्रि के पावन पर्व में सहभागी बनकर मां की आराधना करने एवं धार्मिक उत्सव की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

पहली बार बुरहानपुर में,15 को निकलेगी 151 मीटर चुनरी यात्रा

बुरहानपुर। मां इच्छादेवी के प्रति आस्था और क्षेत्र की सुख.समृद्धि की मंगलकामना के साथ 15 अक्टूबर, गुरुवार को बुरहानपुर से इच्छापुर तक भव्य 151 मीटर चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को सांसद कार्यालय में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील ने बैठक ली। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं और अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, नगरवासी एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि इस वर्ष की चुनरी यात्रा विशेष रहेगी। परम पूज्य महायोगी दादागुरु महाराज पहली बार बुरहानपुर पधार रहे हैं। दादागुरु महाराज 2100 दिनों से अधिक समय से निराहार रहकर केवल मां नर्मदा के जल पर आश्रित हैं। वे फव्वारा चौक स्थित नवदुर्गा मंदिर से चुनरी यात्रा में शामिल होंगे। उनका आगमन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप श्रॉफ,किशोर शाह,इन्द्रसिंग चावला,मनोज

टंडन, महामंत्री ईश्वर चौहान,सीताराम प्रजापति आदि ने भी अपने सुझाव दि,। संचालन चैयरमैन व पार्षद भरत इंगले,मंडल अध्यक्ष अमोल भगत ने किया आभार महामंत्री अमित वारुडे ने माना

जीवंत झांकियां, ढोल.बैंड और पुष्पवर्षा होंगे आकर्षण-भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली चुनरी यात्रा सुबह 7 बजे फव्वारा चौक स्थित नवदुर्गा मंदिर से प्रारंभ होगी। इस वर्ष यात्रा में मां तुलजा भवानी की जीवंत झांकी, 8 फीट के विशाल उड़ते हुए हनुमानजी, 51 ध्वज, पुणेरी ढोल, अमलनेर का प्रसिद्ध श्रीकृष्ण बैंड, पंढरपुर के वारकरी और भगवान नरसिंह की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

इन मार्गो से निकलेंगी यात्रा-यात्रा फव्वारा चौक स्थित नवदुर्गा मंदिर से सुबह 7 बजे प्रारंभ होकर बाई साहब की हवेली, पांडुमल चौराहा, तिलक चौराहा, महाजनापेठ, शिकारपुरा और शाहपुर होते हुए इच्छापुर पहुंचेगी। यहां मां इच्छादेवी को 151 मीटर की चुनरी अर्पित की जाएगी और सामूहिक आरती होगी। आयोजन में खंडवा लोकसभा क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि, विकास और अन्नदाता किसानों के कष्ट दूर होने की मंगलकामना की जाएगी।सांसद ज्ञानेश्वर पाटील और भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

खंडवा। एसएन कॉलेज में विद्यार्थियों की समस्याओं और कथित अव्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन लगभग दो घंटे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम किया और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कॉलेज में विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है और पानी की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल हैं।